# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. संसद के बजट सत्र के पहले दिन वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 किया पेश : वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढ छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान।
2. वित्तमंत्री कल पेश करेंगी एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–विकसित भारत के लिए मजबूत नींव तैयार करेगा बजट।
3. सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए सरकार से मांगा जवाब : मामले में 26 जुलाई को होगी अगली सुनवाई।

और

4. सावन के पहले सोमवार को प्रदेश के शिव मंदिरों में लगा भक्तों का तांता : काशी विश्वनाथ धाम में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान।

---

**संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेल् उत्पाद की वृद्धि दर साढ छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में अनिश्चित वैश्विक आर्थिक निष्पादन के बावजूद घरेलू वृद्धि कारकों ने आर्थिक विकास में मदद की है। एक रिपोर्ट–**

*सर्वेक्षण में कहा गया है कि उत्पाद व्यापार और सेवाओं के निर्यात में बढोतरी की संभावना है। सामान्य वर्षा के पूर्वानुमान और दक्षिण पश्चिम मॉनसून के संतोषजनक प्रसार से कृषि क्षेत्र के निष्पादन में सुधार की उम्मीद है। सर्वेक्षण के अनुसार वस्तु और सेवाकर–जीएसटी और ऋण शोधन और दिवाला कानून–आईबीसी जैसे ढांचागत सुधार भी परिपक्व हो गये हैं और उनके वांछित परिणाम मिलने लगे हैं। महंगाई के बारे में रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति की मुख्य दर साढ़े चार प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में चार दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए 2024 में मुद्रास्फीति चार दशमलव छह प्रतिशत और 2025 में चार दशमलव दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद की वास्तविक दर वर्ष 2020 की तुलना में बीस प्रतिशत अधिक रही है। इस वर्ष भी वृद्धि दर सुदृढ रहने की संभावना है। सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी और बहुआयामी गरीबी में कमी और श्रम बल भागीदारी में बढ़ोतरी के साथ विकास समावेशी रहा है। देश की वास्तविक जीडीपी दर में वित्त वर्ष 2024 में आठ दशमलव दो प्रतिशत वृद्धि हुई है। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।*

———————————

वित्त मंत्री  निर्मला सीतारमण कल एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा।

*मैं देशवासियों को जो गारंटी देता रहा हूं। क्रमशः रूप से उन गारंटीयों को जमीन पर उतरना इस लक्ष्य को लेकर के हम आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट अमृतकल का एक महत्वपूर्ण बजट है। हमें 5 साल का जो अवसर मिला है आज का बजट हमारे उन 5 साल के कार्य की दिशा भी तय करेगा और यह बजट 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे सब विकसित भारत का जो हमारा सपना है उस सपने को पूरा करने की मजबूत नीव वाला बजट लेकर के हम कल देश के सामने आएंगे।*

———————————

सरकार ने कहा है कि पिछले सात वर्षों में देश में पेपर लीक का कोई मामला सामने नहीं आया है और वह नीट–यूजी पेपर लीक मामले में कुछ भी नहों छिपा रही है। शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी स्थापना के बाद से 240 परीक्षाएं आयोजित की हैं। इनमें साढ़े चार करोड़ से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। श्री प्रधान ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस बयान को निंदनीय बताया, जिसमें उन्होंने देश की परीक्षा प्रणाली की आलोचना की थी। उन्होंने कहा

कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

*सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर दिया कि पूरे विद्यार्थियों की सूची को वेबसाइट में उपलब्ध करा दो। सब पिछले तीन दिन से देशभर की सारे विद्यार्थियों की लिस्ट पबलिक डोमेन में उपलब्ध है। यह सारा चीज खुले में है, और कई प्रकार का तर्क आ चुका है। मैं एक अभी उसमें केरल के विद्यार्थी भी अच्छे किए हैं। क्या हम यह कहेंगे कि वहां भी कुछ गडबडी हुई थी।*

इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने इस मुद्दे पर श्री प्रधान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में लाखों विद्यार्थी परीक्षाओं और अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं।

——————————

सुप्रीम कोर्ट में आज नीट–यूजी पेपर लीक मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीमकोर्ट ने एक सवाल के दो सही विकल्प के मामले में आईआईटी दिल्ली के निदेशक से तीन सदस्यीय समिति गठित कर कल दोपहर 12 बजे तक सही उत्तर पर राय देने के लिए कहा है। इस मामले में कल सुनवाई जारी रहेगी।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आजमगढ़ मंडल की कानून व्यवस्था और विकास कार्यो की समीक्षा की। आजमगढ़ में हुई इस बैठक में बलिया और मऊ के अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की जन–कल्याणकारी याजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराया जाये। विकास परियोजनाओं की नियमित रूप से निगरानी की जाये और नोडल अधिकारी नियुक्त कर हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट ली जाये। मुख्यमंत्री ने बाढ़ को लेकर सतर्क रहने और तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिये।

—————————

सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने रोक लगाते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों से इस पर जवाब मांगा है और मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को तय की है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स समेत कई याचिकाकर्ताओं ने याचिका दाखिल की है। इस याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार, राज्य के डीजीपी और मुजफ्फरनगर के एसएसपी के अलावा उत्तराखंड सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आज इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि खाद्य विक्रेताओं को मालिकों और कर्मचारियों के नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 19 जुलाई को एक आदेश जारी करके कांवड़ रूट के सभी दुकानदारों को अपनी–अपनी दुकानों के आगे अपना नाम लिखना अनिवार्य कर दिया था।

———————

सावन के पहले सोमवार को प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक काशी विश्वनाथ धाम समेत वाराणसी के कैथी स्थित

मार्कण्डेय महादेव मंदिर, सारनाथ स्थित सारंगनाथ मंदिर, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव, रायबरेली के मोहनेश्वर धाम मंदिर, कानपुर के बाबा नागेश्वर मंदिर, बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों की कतारें देखने को मिल रही हैं। अयोध्या में 108 ज्योतिर्लिंगों में एक नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ मंदिर, बलरामपुर के प्राचीन झारखंडी मंदिर और जंगली नाथ मंदिर और अमरोहा के वासुदेव तीर्थ में शिव भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं। अमरोहा में नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों को डायवर्ट कर एक साइड कांवड़ियों के लिए आरक्षित की गई है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर मंदिर प्रशासन के अनुसार आज 5 लाख से ज्यादा भक्त काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...

*सावन के पहले सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात से ही कांवड़ियों की कतार लगी रही। जैसे ही भगवान शिव के मंगला आरती के लिए कपाट खुले भक्त शहर–हर महादेवश के गगनचुंबी उद्‌घोष से पूरा इलाका शिवमय कर दिया.भोर में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। गंगा जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए मुस्लिम समुदाय केलोगों ने भी श्रद्धालुओं के ऊपरपुष्प वर्षा की। सुरक्षा की दृष्टि सेगंगा घाट के किनारों पर वाराणसी में गंगा नदी के बढ़े हुए जलस्तर में एनडीआरएफ के बचाव कर्मी दिन–रात निडर होकर गहरे पानी वाले खतरनाक स्थानों को चिह्नित कर श्रद्धालुओं को वहां जाने की सख्त हिदायत दे रहे हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार आज 5 लाख से*

*ज्यादा लोक काशी विश्वनाथमंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————————